वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः डी०एस०डब्ल्यू/ 131 /2017–18 अति आवश्यक/समयबद्ध दिनांक : 25.08.2017

दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति 2017–18 से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति शैक्षिक सत्र 2017–18 में महाविद्यालयों के समस्त छात्र/छात्रओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के समयबद्ध निस्तारण हेतु पुराने महाविद्यालयों की निर्धारित सीट, पाठ्यक्रम/विषय एवं शुल्क में वर्ष 2016 के बाद कोई परिर्वतन हुआ है तो इसकी सूचना अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय, संकाय भवन में दे जिससे महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाएं स्कालरशिप पोर्टल पर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु अग्रसारित किया जा सके। नये महाविद्यालय जिन्होंनें 01 जून 2017 से 30 जुलाई 2017 तक जिला समाज कल्याण विभाग से अपने महाविद्यालय का लागिन पासवर्ड प्राप्त कर शासन की वेब–साइट http://scholarship.up.nic.in के मास्टर डाटा बेस में अपने शिक्षण संस्थान का विवरण आदि अपलोड़ कर चुके हैं, वे अपने महाविद्यालय के पाठ्यक्रम, शिक्षण शुल्क व विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत सीट की सूचना अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के ई–मेल puscholarship@gmail.com पर तथा उसकी हार्ड कापी पत्र के माध्यम से 07 दिन के अन्दर अनिर्वाय रूप से तत्काल उपलब्ध करायें जिससे स्कालरशिप पोर्टल http://scholarship.up.nic.in पर उनके महाविद्यालय के शुल्क व सीट का सत्यापन किया जा सके।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2–वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ
3–अधीक्षक सम्बद्धता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4–डा0 संजीव गंगवार, प्रवक्ता, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग को विश्वविद्यालय की वेब–साइट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

25.8.17

नोडल अधिकारी